चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : registrar@ccsuniversity.ac.in **NAAC A++** Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक :– आर०ओ० / 391 / 2025–26 दिनांक :– 12-03-2026

आवश्यक सूचना

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने उच्च शिक्षा को और अधिक सुलभ और लचीला बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से मानयता प्राप्त ऑन लाईन पाठ्यक्रमों / कोर्सों की सत्र जनवरी–फरवरी 2026 से शुरूआत की है, जिससे अब छात्र अपनी सुविधा के अनुसार कहीं से भी गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई कर सकेंगे।

यह पहल उन छात्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, नौकरी कर रहे हैं, या नियमित कॉलेज में किन्ही कारणों से उपस्थित होने में असमर्थ हैं। अब विद्यार्थी, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्याल, मेरठ के सेंटर फॉर डिस्टेंस एण्ड ऑन लाईन एजूकेशन (CDOE) के माध्यम से ऑन लाईन पाठ्यक्रम पूर्ण कर सकते हैं। अब पढ़ाई की गुणवत्ता के साथ लचीलापन भी मिलेगा।

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ द्वारा ODL माध्यम से उपलब्ध कराए गए विभिन्न पाठ्यक्रमों के साथ–साथ निम्न ऑनलाईन पाठ्यक्रम भी प्रारम्भ किए जा रहे है :–

बी०बी०ए०

एम०बी०ए०

एम०बी०ए० (एच०ए०)

एम०सी०ए०

एम० कॉम०

उपर्युक्त पाठ्यक्रमों / कोर्सों की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त है और इन्हें एक सशक्त ऑनलाईन प्लेटफॉर्म पर संचालित किया जा रहा है, जहाँ छात्रों को गुणवत्तापूर्ण पाठ्यक्रमसामग्री, शैक्षणिक मार्गदर्शन और लचीलापन प्रदान किया जाएगा।

विश्वविद्यालय इन कोर्सेस के माध्यम से बिना किसी भौगोलिक या समय की बाधा के हर वर्ग एवं क्षेत्र के छात्रों तक उच्च शिक्षा पहुँचाना चाहता हैं। इस पहल के साथ चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने समावेशी, सस्ती और आधुनिक शिक्षा की ओर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।

उक्त के संबंध में अधिक जानकारी चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की वेबसाइट ccsuniversity.ac.in के ODL लिंक पर प्राप्त कर सकते हैं।

12.3.26

कुलसचिव